RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 339

हिसार | बुधवार, 6 मार्च, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ 6










# प्रदेश की 5000 बहनें बनेंगी ड्रोन पायलट

## 3 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे : सीएम मनोहरलाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 6 मार्च :** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत बुधवार को लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन शहर की नई अनाज मंडी में किया गया। कार्यक्रम में सीएम मनोहरलाल ने शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता से नारी शक्ति वंदन के तहत हजारों महिलाओं को संबोधित किया। पीएम का संबोधन सुनने के लिए पानीपत और करनाल की महिलाएं ही पहुंची। इसके अलावा हरियाणा में यह कार्यक्रम 132 जगहों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चलाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की धरती से हरियाणा की महिलाओं को संबोधित किया।

500 सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें 10-10 बहनें ट्रेनिंग लेंगी। 5000 बहनों को ड्रोन पायलट बनाया जाएगा। इन सभी को ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। हर क्षेत्र में ड्रोन की आवश्यकता रहेगी, चाहे वह सर्वे का काम हो या फिर खेतों में दवाई छिड़काव का। सेल्फ हेल्प ग्रुप इन ड्रोन को किराए पर देकर अपनी






इनकम बढ़ा सकते हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान से भी हमारी बेटियां बहुत आगे बढ़ी हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 132 स्थान पर लखपति दीदी सम्मेलन हो रहा है। इस कार्यक्रम को हरियाणा में जगह-जगह देखा जा रहा है। आज का दिन सौभाग्यशाली है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने मन में एक योजना और कल्पना रखी कि देश की गरीब महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाए। इसलिए कार्यक्रम का नाम लखपति दीदी रखा, जो एक अनूठी कल्पना है। पीएम मोदी ने देश की 2 करोड़ महिलाओं को संबोधित किया। वहीं, उन्होंने कहा कि 302 बहनों को अन्य विभागों में काम दिलवा दिया गया है, उन्होंने कहा कि जो बहनें चूल्हा जलाकर काम करती थीं, उनको वैज्ञानिक तौर पर काम देकर ड्रोन चलने का काम दिया है। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है, जिसके उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम किया गया है।

### स्वयं सहायता समूह जुड़ जुकी हैं 6 लाख बहनें

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा में 6 लाख बहनें स्वयं सहायता समूह में काम कर रही हैं। इनमें से 258000 परिवारों का सर्वे हो चुका है। हैरानी की बात है कि इनमें एक लाख बहनें ऐसी हैं जो पहले से 1 लाख से ज्यादा कमा रही हैं। इस वर्ष 1 लाख और बहनों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। चाहे वह उद्योग में आगे बढ़ें या फिर लोन लेकर। लोन में महिलाओं को 5 लाख की छूट दी जाएगी, बशर्ते वह लोन समय पर वापस करें। अगर कोई बहन लोन लेकर आगे बढ़ना चाहती है तो इसके लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया है। आज ऐसा कोई काम नहीं है, जिसे माताएं-बहनें नहीं कर सकती हैं। आज पुरुषों के मुकाबले हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

# धाम मेरी कड़ मजबूत करियो मै थारी कड़ मजबूत करूंगा : दीपेंद्र हुड्डा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 6 मार्च :** आज राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के दिल्ली स्थित आवास पर हांसी विधानसभा क्षेत्र के कई जेजेपी-बीजेपी एवं इनेलो के कार्यकर्ताओं ने पूर्व चेयरमैन पं. सुमन शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताई। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने जेजेपी, बीजेपी, इनेलो से आए सभी कार्यकर्ताओं के गले में पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल करवाया और सदैव मान सम्मान देने का भरोसा दिया। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने पार्टी में शामिल होने वाले



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपका बेटा हूं थाम मेरी कड़ मजबूत करियो मैं थारी कड़ मजबूत करूंगा। पार्टी में शामिल होने वालों में गगन खेड़ी से राजेश जाखड़, नफे सिंह जाखड़, जगदीश जाखड़, वीरेंद्र जाखड़, मेहंदा से चांदराम नैन, श्रीनिवास भारद्वाज, देपल से दिलबाग मलिक, उमरा से अभन मलिक, सुल्तानपुर से राम सिंह धारीवाल, भाटोल से संजय बामल, खरकड़ा से हरीश सांगवान, वेदपाल बामल, बांडाहेड़ी से भूप सिंह मुवाल,कुम्भा से नरेंद्र दलाल आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए भाजपा सरकार ने चलाई अनेक योजनाएं : डॉ. आशा खेदड़

## जिले में हर विधानसभा में सुना गया लखपति दीदी महासम्मेलन का लाइव प्रसारण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने महिला कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं स्वावलंबी बन सकती है और अपनी आय बढ़ा सकती है। डॉ. आशा खेदड़ उकलाना में शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत करनाल में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन का लाइव प्रसारण देखने उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रही थी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य वक्ता रहे जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने व उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई है। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं सहित हर वर्ग के कल्याण वाली नीतियों का पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इनसे लाभांवित हो। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का जिले में सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी विधानसभा में ब्लॉक स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना। उन्होंने बताया कि उकलाना में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक रामफल नैन, जिला सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़, नायब तहसीलदार रविन्द्र शर्मा, एबीपीओ बलजीत नैन, मंडल अध्यक्ष दिलबाग सिंह, हवासिंह धारीवाल, राममिलन शर्मा, विनोद कुमार, चरणजीत सिंह, लीला कुम्भा, सरपंच मनवीर पूनिया, प्रमीत पूनिया, रघुबीर सरदार, व विस्तारक राजकुमार वधवा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत करनाल से अयोध्या रवाना पहली बस के साथ नेहा धवन की लगी ड्यूटी








**पाठकपक्ष न्यूज**

**करनाल, 6 मार्च :** करनाल में आज से बुजुर्गों के लिए अयोध्या की बस रवाना हुई। यह बस मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत चलाई जा रही हैं। आज से इसका शुभारंभ हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने आज इस बस को हरी झंडी दिखा किया रवाना। करनाल से अयोध्या के लिए जा रही इस पहली बस यात्रा का जिम्मा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन को दिया गया। बस के यात्रियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने शुभकामनाएं दी। मनोहर जी ने बस में लगवाए राम नाम के नारे। प्रदेश प्रवक्ता भाजपा नेहा धवन ने बताया कि इस बस में वॉलंटियर के रूप में मुख्यमंत्री जी ने मेरी ड्यूटी लगाई है। इस बस के साथ आज मैं भी इस तीन दिवसीय यात्रा पर श्री रामल्ला के दर्शन को अयोध्या जा रही हूं। मेरा ये सौभाग्य है की इस बस की देखरेख की जिम्मेदारी मुझे मिली है। इस अवसर पर करनाल सासंद संजय भाटिया, विधायक हरविंदर कल्याण, ज़िला अध्यक्ष योगेंद्र राणा व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक भव्य बिश्नोई 7 मार्च को आदमपुर में करेंगे कई विकास कार्यों का उद्घाटन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** आदमपुर से भाजपा विधायक भव्य बिश्नोई 7 मार्च को सुबह 8.00 बजे हिसार सेक्टर-15 आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी देते हुए विक्रांत देवीलाल बिश्नोई ने बताया कि इसके उपरांत विधायकआदमपुर हलके में सुबह 9.30 मोठसरा गांव में गौशाला में शैड का उद्घाटन, 10.00 बजे एससी एवं बीसी चौपाल का उद्घाटन, 10.30 बजे सुंडावास में दो सड़कों का उद्घाटन, 11.00 बजे बालसमंद चौ. भजनलाल गवर्नमेंट कॉलेज बिल्डिंग निर्माण का शिलान्यास (वर्चुअल मुख्यमंत्री द्वारा), 12.30 बजे



मोहबतपुर में पार्क का उद्घाटन, 2.00 बजे मंडी आदमपुर में चैक वितरण कार्यक्रम मार्केट कमेटी, शिव कालोनी में सड़क का शिलान्यास, जवाहर नगर में सड़क का शिलान्यास, 3.00 बजे खारा बरवाला में सड़कों का उद्घाटन, 4.00 बजे भोडिया में गांव सचिवालय पार्क उद्घाटन, महंत चन्द्रप्रकाश जी चौपाल पार्क का उद्घाटन, इंटरलॉक रास्ते निर्माण का उद्घाटन, यूनिवर्सल स्कूल के रास्ते के निर्माण का उद्घाटन, डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे गांवों में चल रहे विकास कार्यों का जायज़ा भी लेंगे तथा अपनों के सुख-दुख में शिरकत करेंगे।










# सम्पादकीय..........

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश अन्य सरकारों के लिए एक सबक

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर कातिलाना हमले के आरोपी संदेशखाली गांव के शाहजहां शेख को सीबीआई को तत्काल सौंपने संबंधी कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश ममता बनर्जी सरकार ही नहीं, उन तमाम सरकारों के लिए एक सबक है, जो अपने सियासी नफे-नुकसान के लिए इंसाफ की राह में रोड़े अटकाने की कोशिश करती हैं। गौरतलब है, शेख पर गरीबों की जमीन हड़पने, हफ्ता वसूली और महिलाओं के यौन उत्पीड़न जैसे दर्जनों गंभीर अपराध के आरोप हैं। मगर ईडी अधिकारियों परहमले की वारदात के बाद 55 दिनों तक वह गिरफ्तारी से बचता रहा और अंततः अदालत की फटकार के बाद ही पकड़ा जा सका। फिर सत्तारूढ़ तृणमूल ने उसे छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित करने में कोई देरी नहीं लगाई। सवाल है कि इतनी किरकिरी के बाद भी पार्टी को उसके खिलाफ कार्रवाई करने में इतना वक्त क्यों लगा? 40 से अधिक आपराधिक मामलों का एक आरोपी वर्षों से आजाद घूमता रहा, पर राज्य सरकार खामोश रही? जाहिर है, इसी खामोश संरक्षण ने उसे ईडी अफसरों पर हमले का हौसला दिया। मगर क्या यह स्थिति सिर्फ पश्चिम बंगाल और शाहजहां शेख तक महदूद है? अभी कितने दिन हुए, जब एक रसूखदार सजायाफ्ता मुजरिम को बार-बार पैरोल देने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाई थी? दरअसल, अपराध व राजनीति के नाभिनाल संबंध को विच्छिन्न किए बिना बेहतर समाज व लोकतंत्र संभव नहीं है। मगर दुर्योग से देश की तमाम जिम्मेदार पार्टियां इसके वादे तो करती हैं, पर वास्तव में उनका आचरण इसके ठीक उलट होता है। गौर कीजिए, एडीआर के मुताबिक, आपराधिक मामलों वाले सांसदों की जो तादाद साल 2004 में 24 फीसदी थी, वह 2019 में 43 प्रतिशत तक पहुंच गई। मौजूदा लोकसभा के तो 159 सदस्यों के खिलाफ हत्या, बलात्कार, अपहरण और यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप हैं। राज्य विधानसभाओं की तस्वीरें भी इससे अलग नहीं हैं। ऐसे में, शाहजहां शेखों पर शिकंजा कसने का नैतिक बल कहां से मिलेगा? संदेशखाली मामले का सबसे चिंताजनक पहलू है, केंद्रीय और राज्य की जांच एजेंसियों का एक-दूसरे पर भरोसा खो देना और एक-दूसरे के विरुद्ध न्यायिक शरण में जाना। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत बारीकी से केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची के तहत शासन के विषयों का बंटवारा किया था, ताकि संघीय ढांचे और शासन-प्रशासन में किसी किस्म की उलझन न पैदा हो। मगर तब भी बाबा साहब आंबेडकर ने आगाह किया ही था कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा बना लें, अगर उसे लागू करने वाले लोग अच्छे न हुए, तो यह निश्चित रूप से सार्थक साबित नहीं होगा। जिस तरह से राज्य-दर-राज्य केंद्रीय एजेंसियां और राज्य पुलिस आमने-सामने आ रही हैं और विपक्षी राज्य सरकारें सीबीआई के खिलाफ खड़ी हो रही हैं, उससे सात दशक पुरानी आशंकाएं ही घनीभूत होती हैं। यकीनन, इसके लिए किसी एक पार्टी या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। शाहजहां शेख का मामला एक बड़ी नजीर है कि राजनीतिक दुर्भावना के तहत सरकारी संस्थाओं पर आरोप-प्रत्यारोप कैसे जाने-अनजाने सरकारों को कथित अपराधियों के पक्ष में कर दे रहा है। ऐसे में, न्यायपालिका के हस्तक्षेप से उम्मीद तो बंधती है, मगर विधायिका को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी।

# दिल की बात सुनाई देती है, पर कोई सुने तो सही

**अध्यात्म**

एक दार्शनिक के पास एक युवक आया और जीवन की निराशा और असफलता का बहाना बनाकर अपने कुछ न करने, निरुद्देश्य जीने को सही ठहराने लगा। दार्शनिक ने उसे पास में बिठाया, भरपेट भोजन कराया और उसके बाद कुछ देर के लिए एक ऐसी जगह पर बैठा दिया, जहां निर्माण कार्य चल रहा था। वहां बजरी, रेत और कुछ उपकरण रखे हुए थे। कुछ ही पलों की जद्दोजहद के बाद युवक उठा और उस सामग्री से काम करने लगा। कुछ ही घंटों में उसने एक सुंदर सी जाली बना डाली।

शाम को युवक ने दार्शनिक से विदा लेनी चाही तो उन्होंने कहा, 'कहां जा रहे हो? अपने काम का पारिश्रमिक तो लेते जाओ।' मानदेय पाकर युवक हैरत में पड़ गया। दार्शनिक ने कहा कि, 'तुम्हारे भीतर एक कर्मशील चेतना स्थायी रूप से है और यह आज सिद्ध हो गया। अब तुम बहाने त्याग कर अपनी चेतना को समझो और उसके अनुरूप काम करो।' युवक बहुत दिनों बाद जीवन का आनंद महसूस कर रहा था।

हमारा मन मूल रूप से एक आजाद चेतना है। उठने, बैठने, खाने, सोने, जागने की साधारण चेतना तो सबमें होती है, पर कर्मशील चेतना में मानव को कुशाग्र और बुद्धिमान बनाने की क्षमता होती है। इस चेतना को जागरूक होकर समझा जाए तो यह सर्वोत्तम ऊर्जा में रूपांतरित हो कर हमारा कायाकल्प कर सकती है। विश्वविख्यात लेखक नील गैमन का कहना है, 'अपने भीतर जागृत और सतत क्रियाशील चेतना की पहचान करने के लिए कुछ समय तक एक-एक दिन का कैलेंडर बनाना चाहिए और हर घंटे उस चेतना में प्रवाहित हो रहे विचार लिखने चाहिए। इससे साफ पता लग जाएगा कि भीतर कितनी उर्वरता है या बेचैनी और भटकाव है।' सामान्य तौर पर हम अपनी नासमझी से अपने भीतर एक नकचढ़ापन पाल लेते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि हम अपने अंदर की कर्मशील चेतना से उदासीन हो जाते हैं और मन से उस क्रियाशीलता का लोप होने लगता है जो चेतना की आकाशगंगा से रोशनी ग्रहण कर सकती है।

जीवन में कई मोड़ ऐसे आते हैं जब हमें मनोरंजन, आमोद-प्रमोद या जायकेदार भोजन नहीं, बस एक सच्चे और सटीक विचार की खुराक चाहिए होती है। यह विचार चेतना से पैदा होता है। इसे भावनात्मक रूप से हमारे देखे, भोगे और सीखे हुए संस्कारों का परिणाम भी कहा जा सकता है। लेकिन संस्कार दूसरी ओर भी ले जा सकते हैं। संस्कार तो विभीषण पर भी हावी हो रहे थे और प्रह्लाद पर भी, पर इनकी सत्ता उन दोनों पर कायम नहीं हो सकी, क्योंकि उनकी आत्मिक चेतना नीर-क्षीर का विवेक कर सकती थी। वे सत्य के पक्षधर रहे, जिसका कारण था उनका सतत चिंतन और दिनचर्या का सतत मूल्यांकन। वह अपने आस पास की अनैतिकता देखकर भी उससे अप्रभावित रहे और अपनी चेतना से आह्लादित होकर आगे बढ़ गए।

वैसे हमारी चेतना अमूमन हमारी जुबान ही बोलती आई है और वह हमारे ही नजरिए पर चलती है। लेकिन उसका असर इस बात पर निर्भर करता है कि हम उसे सुनते हैं या नहीं, उसका अनुसरण करते हैं या नहीं। इसीलिए कहते हैं कि चेतना का बहाव और चेतना का प्रभाव- ये दो भिन्न बातें मानव को पोषित करती हैं। चेतना का अहसास ही सही अर्थों में हमें बनाता है। चेतना ही ऐसी अद्भुत मिसाल बनती है कि वह मानव सभ्यता के लिए आज तक प्रेरणा बनी हुई है।

# सुण मौल्लड़ की



अब रिश्वत लेने वाले विधायक और सांसद भी जेल जाएंगे : अदालत

**राजनीतिक पद की कानूनी छूट खत्म।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** यात्रा सुखद रहेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे।
**वृषभ :** धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल प्राप्त होगा। युवाओं को मनचाहा काम मिलने से खुशी होगी।
**मिथुन :** नए कार्यों की शुरूआत में मुश्किल आएगी। अंजान लोगों पर भरोसा नुकसानदायक हो सकता है। मेहनत का पूरा लाभ मिलना मुश्किल है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।
**कर्क :** अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव प्राप्त होगें। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। भौतिक सुख संसाधन प्राप्त होंगे।
**सिंह :** विवादों से दूर रहें। खर्च की अधिकता परेशान करेगी। तनाव की स्थिति से सेहत बिगड़ सकती है, सावधानी रखें। भगवान शिव जी की पूजा करें।
**कन्या :** संतान को लेकर शुभ समाचार प्राप्त होंगे। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। अनुभवी लोगों का साथ कैरियर को नई दिशा दे सकता है।
**तुला :** कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। कार्यस्थल पर अपमान का भय रहेगा। विवादास्पद मामले परेशान कर सकते हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**वृश्चिक :** कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होगी। मन में उत्साह बना रहेगा। मित्रों का साथ खुशी देगा।
**धनु :** दिन मिलाजुला रहेगा। पूंजी निवेश करने से बचें। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा।
**मकर :** सोच विचार कर कार्य की शुरूआत करें। भावनाओं में बहकर गलती कर बैठेंगे। दुविधा की स्थिति बनी रहेगी।
**कुंभ :** कार्यों में अचानक अवरोध उत्पन्न होंगे। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। दुर्गा माता की पूजा करें।
**मीन :** व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापारियों को धन लाभ होगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# किसानों की तबाह फसलों का तुरंत मुआवजा दे सरकार : पूनिया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी कराकर प्रति एकड़ 40000 मुआवजा दे, क्योंकि बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से हुई तबाही ने अन्नदाता की कमर तोड़ कर रख दी है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज कृषि एक घाटे का सौदा बन कर रह गया है, कृषि लागत पिछले सालों में काफी गुना बढ़ गई है और फसलों के दामों में मामले रूप से बढ़ोतरी हुई है, जो ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। यही वजह रही की 2022 में किसानों की आमदनी दुगनी करने का भाजपा का वादा पूरी तरह फेल हो गया है और सरकार का किसान विरोधी चेहरा पूरी तरह उजागर हो गया है। आज सरकार की मार के साथ-साथ किसानों को ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश की मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यूपीएस सरकार के सभी हमेशा 9 से 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष एमएसपी की वृद्धि होती थी लेकिन आज बात पर सरकार में 2 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि नहीं हो रही।

# कर्म का मर्म

## बोपदेव का दृढ़ संकल्प

प्राचीन समय में बोपदेव संस्कृत भाषा के बहुत बड़े विद्वान हुए। बात उनके छात्र जीवन की है। उनकी स्मरण शक्ति बहुत कमजोर थी। बड़ी कोशिशों के बावजूद व्याकरण के सूत्र उन्हें याद नहीं होते थे। इस पर गुरुकुल में उनके सहपाठी भी उन्हें चिढ़ाते रहते थे। इन सब बातों से निराश होकर एक दिन वह गुरुकुल से भाग गए। काफी देर चलने के बाद उन्हें प्यास लगी, तो एक कुएं के पास आकर रुके। कुएं से गांव के लोग पानी भरकर ले जा रहे थे। बोपदेव ने पानी भरने वाली एक महिला से पानी मांगा और पिया। थकान मिटाने के लिए वह कुएं के किनारे बैठकर सुस्ताने लगे।



अचानक उनकी निगाह कुएं की मुंडेर पर पड़ी जो पत्थर की बनी हुई थी। उन्होंने गौर से देखा कि उस पर रस्सी खींचने के अनेक निशान बन गए थे। जहां पर महिलाएं पानी भरने के लिए घड़ा रखती थीं, वहां भी पत्थर पर गड्ढे बन गए थे। पत्थर पर पड़े निशान को देखकर बोपदेव चिंतन करने लगे। जब एक मुलायम रस्सी के बार-बार रगड़ने से पत्थर पर भी गड्ढे पड़ सकते हैं, तो फिर क्या लगातार अभ्यास करने से मैं विद्वान नहीं बन सकता। यह विचार करते हुए उन्होंने मन ही मन संकल्प किया कि चाहे कुछ भी हो अब मैं पूरी मेहनत से पढ़ूंगा।

मन में यह दृढ़ संकल्प करके बोपदेव उठे और वापस गुरुकुल की ओर चल दिए। गुरुकुल पहुंचकर बोपदेव ने न दिन देखा न रात, वह लगातार तल्लीन होकर पढ़ने लगे। फिर परिणाम भी जल्दी ही सामने आ गया। उन्हें अब सहजता से व्याकरण के सूत्र याद होने लगे। अंत में उन्होंने गुरुकुल में उच्च स्थान प्राप्त किया और उसके बाद संस्कृत भाषा के महान विद्वान पाणिनी के कठिन व्याकरण को सरल बनाकर प्रसिद्ध 'मुग्धबोध' नाम के ग्रंथ की रचना कर डाली। उन्हें राजदरबार का महापंडित भी बनाया गया।

# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में कम्प्यूटर विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार के कम्प्यूटर विभाग के सौजन्य से कम्प्यूटर विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया जिसमें दिव्या, कोमल और हर्षप्रभा की टीम प्रथम, निकिता, रश्मि और कोमल की टीम द्वितीय, अंजली, सोनिका और दीक्षा की टीम तृतीय स्थान पर रही। तमन्ना, खुशी और सन्ध्या की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अंत में प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने विजेता छात्राओं को बधाई दी तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

# सरकार ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा शीघ्र दे : प्रदीप नैनीताल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 6 मार्च :** आदमपुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप बैनीवाल ने आदमपुर हल्के में ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया व सरकार से मांग की कि जल्दी से जल्दी नुक़सान के सर्वे का कार्य पूर्ण करके किसानों के नुक़सान की भरपाई करे। हल्के का जायज़ा लेने के बाद बैनीवाल ने बताया कि अनेक गाँवों में ओलावृष्टि से फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। पक्की पकाई फसल का इस तरह से बर्बाद होना किसानों पर वज्रपात के समान है और दूसरी तरफ़ सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से पुरज़ोर माँग की कि अविलंब मुआवज़े की राशि जारी की जाए। कांग्रेस नेता बैनीवाल ने हलके के गाँव भाणा व ख़ैरमपुर में 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर और दुकानों में जाकर लोगों से मुलाकात की व उनकी समस्या जानी। दोनों गाँवों में पहुंचने पर लोगों ने प्रदीप बैनीवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी में इस अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

मोटापा कम करने की सर्जरी बैरियेट्रिक्स सर्जरी व हर तरह की लैपरोस्कॉपिक, यूरोलॉजी व ओपन सर्जरी की सुविधा



डा. यशपाल सिंगला
पूर्व सीनियर सर्जन, जिंदल अस्पताल, हिसार
MS, FMAS, FALS
Fellow Max Hospital Delhi and CODS Mumbai

हरियाणा में सबसे अधिक सफल बैरियेट्रिक सर्जरी (वजन कम करने की सर्जरी) के अनुभवी सर्जन (हरियाणा के पहले)
20 साल से भी अधिक सर्जरी का अनुभव

- एडवांस लेपरोस्कोपिक (दूरबीन द्वारा एक छोटे कट से) सर्जरी (Single Inclsion Laproscopic Surgery - SILS) • पित की थैली की पत्थरी (LAP CHOLE) • हर्निया • बच्चेदानी की रसौल (TLH, LAVH, NDVH) • अपेन्डिक्स
- गुर्दा, गदूद व पत्थरी रोग से संबंधित दूरबीन सर्जरी • गुर्दे की पत्थरी (PCNL) • नलकी की पत्थरी (URS) • थैली की पत्थरी (CLP) • बढ़े हुए गदूद (TURP)
- खाघनली व आंत रोग संबंधित सभी प्रकार के आप्रेशन
- Lung, Spleen, Liver & Pancreas से संबंधित आप्रेशन
- कैंसर की सर्जरी
- सभी प्रकार की एमरजैंसी व टामा सर्जरी (Laprotomy)
- टांगों की नसों की सर्जरी
- बवासीर का आप्रेशन

हरियाणा सरकार, आयुष्मान भारत, ESI, ECHS व सभी प्रमुख TPA के पैनल पर
डा. कमल किशोर
गीतांजलि मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मॉडल टाउन हिसार
99961-83042, 250522, 245533

# परिजात चौक के पास दुकान में लगी आग से 25 लाख का नुकसान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** पारिजात चौक पर बीती रात लगी एक दुकान में आग से लगभग 25 लख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। विकास टूल कंपनी नामक इस दुकान में बीती रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान के मालिक प्रवीण बंसल ने बताया कि रोजाना की तरह वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। बाद में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान के ऊपरी मंजिल में आग लग गई। सूचना मिलते ही वह तुरंत वापस आए और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा लगभग 25 लख रुपए का सामान जलकर राख हो गया था। इस घटना में किसी भी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555

# अग्रोहा टीले की खुदाई के लिए एमओयू किया जाना स्वागत योग्य : कैप्टन भूपेन्द्र

### मुख्यमंत्री ने वैश्य समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए किया एमओयू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने जिले के ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा टीले की खुदाई के लिए एमओयू किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे जहां सांस्कृतिक विरासत की जानकारी मिलेगी वहीं महाराजा अग्रसेन से जुड़ी ऐसी मिल सकेंगी, जो अब तक पता भी नहीं चल पाई है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर अग्रोहा टीले की खुदाई के लिए एमओयू हुआ है। वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी। मुख्यमंत्री ने वैश्य समाज की भावनाओं को समझते हुए खुद की मौजूदगी में एमओयू किया है, जो ऐतिहासिक पल है। इसके साथ ही अग्रोहा टीले की खुदाई का मार्ग अब पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुए समझौता ज्ञापन के साथ ही टीले की खुदाई का मसौदा तैयार किया गया है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि अग्रोहा टीले के खुदाई के साथ-साथ सरकार की अग्रोहा के विकास की अनेक योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से क्षेत्र का विकास किया जा सकेगा। टीले की खुदाई भी इन विकास योजनाओं का एक हिस्सा है। माना जा रहा है कि अग्रोहा का प्राचीन गौरवमय इतिहास इस टीले में दबा है। टीले की पूर्व में हुई खुदाई के अवशेषों को एकत्रित कर व नई खुदाई से प्राप्त अवशेषों को एक बड़े संग्रहालय का निर्माण कर उसमें रखा जा सकेगा। उन्होंने टीले की खुदाई के लिए एमओयू करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया।

### एफ.सी. कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग के सौजन्य से व्याख्यान का आयोजन

# ''दक्षिण एशिया का रणनीतिक परिदृश्य और भारत की सुरक्षात्मक पहलुओं तथा वर्तमान समय में रक्षा अध्ययन विषय पढ़ने के महत्व'' के बारे दी गई जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में रक्षा अध्ययन विभाग के सौजन्य से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. अनीता सहरावत ने मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय हिसार व जी.डी.सी. मैमोरियल महाविद्यालय बहल के पूर्व प्राचार्या डा. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य वक्ता डा. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए ''दक्षिण एशिया का रणनीतिक परिदृश्य और भारत की सुरक्षात्मक पहलुओं तथा वर्तमान समय में रक्षा अध्ययन विषय पढ़ने के महत्व'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत की भू-स्त्रातेजिक सामरिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए भारत की रणनीतिक भूमिका के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा चीन किस प्रकार से ''वन बेल्ट वन रोड़'' नीति के तहत एशिया महाद्वीप में अपना प्रभाव बढ़ाने की कौशिश करता है। इसी के साथ उन्होंने छात्राओं का मनोबल बढ़ाने तथा जीवन में आगे बढ़ने के मूल मंत्र सांझा किए। छात्राओं का मनोबल बढ़ाने हेतु राजकीय महाविद्यालय, हिसार से कैप्टन स्नेहलता ने शिरकत की। कार्यक्रम में मौजूद रहे रक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. आरती, श्रीमती विपुला, डा. ममता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा ''मेगा जॉब फेयर'' से सम्बन्धित विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में ओम यूनिवर्सिटी के मार्केटिंग के अध्यक्ष सचिन काजल ने विद्यार्थियों को 8 व 9 मार्च को होने वाले जॉब फेयर के बारे में जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के लिए कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जॉब फेयर में आने तथा भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी के वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर मनीष सोनी, स्पेशल एजुकेशन विभाग के सहायक प्राध्यापक अशोक कुमार व मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव मनोज कुमार, दीपक कुमर ने भी विद्यार्थियों को इस मेले में आकर नौकरी पाने के अवसर खोजने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को जॉब फेयर में जाने का आग्रह किया तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वाणिजय विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ रेनू राठी, प्रो. मोनिका रानी, अन्य प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# फ्री आधार कार्ड अपडेशन के लिए 14 मार्च तक करें आवेदन : उपायुक्त

### नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना अनिवार्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि 14 मार्च 2024 निर्धारित की हुई है। नागरिक अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 मार्च 2024 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें। उपायुक्त ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माईआधारपोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माईआधारएप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।

# डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा 7, 9 व 10 मार्च को विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास कर सुनेंगे जनसमस्याएं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा 7, 9 व 10 मार्च को जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और जनसमस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि डिप्टी स्पीकर 7 मार्च को प्रातः 10 बजे गांव कैमरी में चंडीगढ़ धर्मशाला व यादव धर्मशाला, प्रातः 11 बजे गांव डाया में चौपाल, दोपहर 12 बजे गांव हरिता में चौपाल, दोपहर 1 बजे गांव स्याहड़वा में चौपाल तथा दोपहर 2 बजे गांव तलवंडी रूक्का में आईपीबी गली का शिलान्यास करेंगे और समस्याएं सुनेंगे। इसी प्रकार डिप्टी स्पीकर 9 मार्च को प्रातः 11 बजे गांव न्योली कलां, दोपहर 12 बजे शाहपुर, दोपहर 1 बजे आर्य नगर तथा 2 बजे चौधरीवास में चौपाल का शिलान्यास करने उपरांत नागरिकों की समस्याओं को सुनेंगे। 10 मार्च को प्रातः 11 बजे गांव गंगवा, दोपहर 12 बजे चिड़ौद व दोपहर 1 बजे दुबेटा में चौपाल तथा 2 बजे बालावास में आईपीबी गली का शिलान्यास करेंगे और समस्याएं सुनेंगे।

# छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने पर हर महीने मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली : उपायुक्त

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** केंद्र सरकार एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आमजन को बिजली बिलों से राहत पहुंचाने के लिए ने इस योजना की शुरुआत की है। योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने पर हर माह 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिलावासियों से आह्वान किया कि सरकार की ओर से लागू की गई पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का नागरिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि एक किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 30 हजार से 60 हजार रुपये, 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 60 हजार से 78 हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक वाली प्रणाली के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना में शामिल होने वाले परिवार राष्ट्रीय पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in/ के माध्यम से सब्सिडी हेतु आवेदन करने के बाद ही छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन करने में सक्षम होंगे।




# दिल्ली रामलीला ग्राउंड में 14 मार्च को होने वाली रैली में हरियाणा से जाएंगे हजारों किसान, मजदूर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन की आज स्थानीय लघु सचिवालय में चल रहे संयुक्त किसान मोर्चा धरने पर हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली के लिए राज्य भर में सघन अभियान चलाया जाएगा। राज्य भर से लगभग 10 अलग-अलग स्थानों से यूनियन के जत्थे किसान और मजदूरों के साथ दिल्ली पहुंचेंगे। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौथ ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि दिल्ली पहुंचने वाले जत्थों में हिसार, भिवानी, जींद, रोहतक सहित प्रदेश के सभी जिलों से किसान, मजदूर पहुंचेंगे। बैठक में सुरेश कौथ ने कहा कि गत दिनों हुई ओलावृष्टि, भारी बारिश व तेज तूफान से गेहूं, सरसों की फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं। किसानों की फसलों को 100 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा है। अब किसानों को पशुओं के लिए चारे की समस्या भी पैदा हो गई है। इसलिए इस नुकसान की पूरी भरपाई सरकार द्वारा की जानी चाहिए और 50000 प्रति एकड़ मुआवजा राशी किसानों को दी जानी चाहिए।

# युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी निधि, इन्हें जागरूक कर आदर्श व सशक्त बनाया जा सकता है : एडीजीपी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** एडीजीपी हिसार मंडल डा. एम.रवि किरण ने अपने कार्यालय में युवाओं को जागरुक करने एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गठित टीम द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टीम को अधिक से अधिक जागरूकता कैम्प लगा युवा शक्ति को जागरूक एवं सशक्त बनाने के निर्देश दिये है। उन्होने कहा जागरूकता से युवाओं को सही दिशा मिलती है, जागरूक कर उन्हे आदर्श एवं सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कई बार युवा शक्ति ज्ञान के अभाव में भी विधि विरुद्ध कार्य कर देते है, उन्हें कानून नियमों का ज्ञान होगा तब ही वे कानून- नियमों का सम्मान भी करेंगे।

उनके निर्देशन में कार्यालय के टीम प्रभारी एवं यूएनओ से सम्मानित सज्जन कुमार ने अपनी टीम सहित आज राजकीय कालेज बालसमंद, आईटीआई बालसमंद व महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स कालेज का दौरा कर युवाओं से संवाद किया।

उन्होंने युवाओं को समाज में बढ़ते ड्रग के प्रचलन पर सविस्तार चर्चा की व बताया कि समाज को ड्रग मुक्त करने में युवाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है। युवा सबसे पहले स्वयं व अपने घर-परिवार को इस बुराई से मुक्त रख इस अभियान में बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को चरित्र निर्माण, सड़क सुरक्षा, महिलाओं व छात्राओं के सम्मान एवं सुरक्षा के लिये बने कानूनों बारे भी जागरूक किया।

युवाओं को सड़क पर सावधानी बरतने बारे बतलाते हुए कहा कि हरियाणा मे सडक दुर्घटनाओं में हर वर्ष लगभग 5000 हजार लोगों की मौत होती है व मरने वालों में लगभग 70 प्रतिशत युवा होते हैं। सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज रफ्तार व लापरवाही है, 70 प्रतिशत सडक दुर्घटनाएँ तेज रफ्तार के कारण ही होती है। स्वयं व दूसरों को भी सड़क नियमों का पालन करने बारे जागरूक एवं प्रेरित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इस अवसर पर श्री प्रवीण गोदारा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बालसमंद, प्रोफेसर पंकज, रामकुमार जीआई, प्राचार्या डॉ समीन शर्मा सहित अनेक शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे ।

*श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति के चुनाव 10 को*

# चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त, सुधीर पांचाल कार्यकारी प्रधान नियुक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति के चुनाव 10 मार्च को होंगे। इसके लिए चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। सुधीर पांचाल को कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया गया है। इस संबंध में श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति की बैठक छात्रावास प्रांगण में श्री भगवान पांचाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में में इस माह पूरे हो रहे समिति कार्यकाल के चलते पुरानी कमेटी को भंग करके सुधीर पांचाल को कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया गया। यह तय किया गया कि समिति का लेखा जोखा चुनाव के दिन समाज के सामने रख दिया जाएगा। इसके बाद चुनावी प्रक्रिया होगी। कार्यकारी प्रधान सुधीर पांचाल ने बताया कि छात्रावास समिति का चुनाव 10 मार्च को सुबह 10 बजे छात्रावास प्रांगण में होगा। चुनाव से एक दिन पहले मार्च तक प्रधान पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह तय किया गया कि सोशल मीडिया माध्यम से भी नामांकन पत्र स्वीकार किया जाएगा, जो कोई संस्था का आजीवान सदस्य या वार्षिक सदस्य मनोनीत है, वह प्रधान पद का चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए प्रो. हितेष पांचाल जींद को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ शिक्षा समिति हरियाणा के प्रधान बलजीत पांचाल व पांचाल धर्मशाला महम के प्रधान अजीत सिंह को पर्यवेक्षक लगाया गया है।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में शिविर लगाकर 17 जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क किए नेत्र ऑपरेशन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क शिविर लगाकर आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए गए। इस शिविर का 17 लोगों ने लाभ उठाया। दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि बहुत से बुजुर्ग अपने स्तर पर सफेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवा सकते। ऐसे बुजुर्गों के लिए रचनात्मक सोच रखने वाले समाजसेवी हिसार के बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में सेवा भाव से आंखों के निशुल्कऑपरेशन करवाने में विशेष सहयोग देते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग केंद्र में समय-समय पर निशुल्क शिविर लगाकर फ्री नेत्र ऑपरेशन किए जाते हैं।

# हकृवि में खरीफ फसलों पर कृषि अधिकारी कार्यशाला 7 व 8 मार्च को



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में 7 व 8 मार्च को कृषि अधिकारी कार्यशाला (खरीफ) 2024 आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज करेंगे, जबकि अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि और किसान कल्याण, पशुपालन व डेयरी विभाग, हरियाणा सरकार श्री अंकुर गुप्ता कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। साथ ही कार्यशाला में निदेशक, कृषि व किसान कल्याण विभाग एवं प्रबंध निदेशक, हरियाणा बीज विकास निगम श्री राजनारायण कौशिक, आईएएस तथा अतिरिक्त निदेशक, कृषि व किसान कल्याण, हरियाणा डॉ. आर.एस. सोलंकी भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्त्ता भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी खरीफ मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किए जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न फसलों की समग्र सिफारिशों पर चर्चा की जाएगी।

# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में कैरियर गाईडेंस और प्लेसमेंट सैल ने किया कार्यशाला का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में कैरियर गाईडेंस और प्लेसमेंट सैल के संयुक्त सौजन्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. अनीता सहरावत ने ओम स्टर्लिंग विश्वविद्यालय के मार्केटिंग विभाग के श्री सचिन काजल, श्री मनोज कुमार, श्री दीपक कुमार, प्राध्यापिका मनीषा सोनी एवं अशोक कुमार का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विश्वविद्यालय की टीम ने छात्राओं को बायोडाटा बनाना, साक्षात्कार के लिए महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना तथा साक्षात्कार में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाने है आदि बातों की जानकारी दी। इस कार्यशाला का आयोजन डा. प्रियंवदा मोर, डा. सीमा गुप्ता एवं डा. पियूषा शर्मा के निर्देशन में हुआ।

# लेखन प्रतियोगिता में एफ.सी. कॉलेज की छात्रा दीपिका ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, ढाण्ड (कैथल) के द्वारा महर्षि दयानन्द सरस्वती के 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार की राजनीतिक शास्त्र विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनिता सहरावत तथा राजनीतिक शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डा. सुनीता रानी ने इस छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता काबिले तारीफ : डॉ. रमेश आर्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में भूगोल विभाग के द्वारा राज्य सतरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रोहतक, जींद, सिरसा, फतेहाबाद व हिसार ज़िलों के महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों तथा शिक्षार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ भूगोल की विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की ओर अग्रसर करने के लिए संघर्षशीलता का माध्यम भी प्रदान करती हैं। उन्हें विभिन्न भूगोलिक विशेषज्ञताओं के साथ भूगोल के आधारभूत पहलुओं जैसे खेती, जलवायु और भू-संसाधनों पर विचार को विकसित करने तथा उनके साथ आत्म साक्षात्कार करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। डॉक्टर आर्य ने आगे कहा कि ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्था में भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता काबिले तारीफ होती है। इस प्रतियोगिता में राज्य सत्र पर अलग-अलग महाविद्यालयों से कुल 20 टीमें आई। इन सभी 20 महाविद्यालयों से 60 विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अपनी ज्ञान प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अधिक प्रतिभागी होने के कारण भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ प्रदीप शर्मा के द्वारा स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करवाया गया, जिसमें से आठ टीमें चुनी गई। इसके बाद इनका भूगोल विषय के ज्ञान का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रो. करतार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन डॉ प्रदीप शर्मा के द्वारा किया गया। अंत में विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर जींद जिले के राजकीय महाविद्यालय की टीम रही। द्वितीय स्थान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार के विद्यार्थियों द्वारा निश्चित किया गया तथा तृतीय स्थान पर दो महाविद्यालय सीआरएम जाट कॉलेज हिसार तथा राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा के विद्यार्थी रहे। अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता टीमों को प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के प्रवक्ता सतबीर सिंह ने मंच संचालन का काम किया। अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का राष्ट्रीय गान के साथ समापन किया गया। इस मौके पर सभी कॉलेज से आए हुए भूगोल प्रवक्ता, डॉ संजय मोहन, मैडम कविता, मैडम ममता, तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से आए हुए डॉ मनोज कुमार, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मैडम शाइना मौजूद रहे।

# बगला में 10 को करवाई जाएगी लड़के व लड़कियों की जिला वॉलीबाल चैम्पियनशिप

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** यूथ वॉलीबाल वर्ग की लड़के व लड़कियों की जिला वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन समीपवर्ती गांव बगला में श्री प्यारेलाल वैलफेयर ट्रस्ट द्वारा 10 मार्च को करवाया जाएगा। यह जानकारी जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के महा सचिव भूपेंद्र ढुल ने मंगलवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तरीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप के लिए जिला की टीमों का चयन किया जाएगा। हरियाणा स्टेट वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन 16 और 17 मार्च को रेवड़ा (सोनीपत) में किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की कॉपी और 4 फोटो लाना अनिवार्य है।

# लुवास के पशुचिकित्सा जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** लुवास के पशु चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग में क्रोमैटोग्राफी विधियों के प्रयोग द्वारा खाद्य एवं पर्यावरण संबंधी नमूनों में दूषित पदार्थों (संदूषकों) की जांच हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशानुसार 5 से 7 मार्च 2024 तक किया जा रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि क्रोमैटोग्राफी विधियों जैसे एच. पी.एल.सी. एवं गैस क्रोमैटोग्राफी द्वारा खाद्य पदार्थों एवं पर्यावरण संबंधी नमूनों में कीटनाशकों एवं प्रतिजैविकों (एंटीबायोटिक्स) के अवशेषों की जांच इत्यादि पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा जो भविष्य में अच्छा वैज्ञानिक कार्य करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यशाला के लाभ एवं प्रतिक्रिया (फीडबैक) का आकलन जरूरी है ताकि भविष्य में इस तरह की कार्यशाला को और बेहतर तरीकों से आयोजित किया जा सकें।

प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक मानव संसाधन एवं प्रबंधन एवं पशुचिकित्सा जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश खुराना ने बताया कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न संस्थानों के 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। डॉ. खुराना ने क्रोमैटोग्राफी तकनीकों के विभिन्न तरीकें एवं उनके उपयोग पर भी संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की।

इस कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्राध्यापक एवं प्रशिक्षक संयोजक डॉ. विजय जे. जाधव द्वारा किया गया तथा उन्होंने क्रोमैटोग्राफी तकनीक द्वारा मिश्रण पृथक्करण एवं विश्लेषण की उपयोगिता एवं बहुविज्ञता पर जोर दिया। इस अवसर पर विभाग के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद डॉ. विजय जाधव द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# जीजेयू ने आर्थिक रूप से पिछड़े जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता राशि प्रदान की



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने आर्थिक रूप से पिछड़े जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता राशि प्रदान की है। विश्वविद्यालय ने 37 विद्यार्थियों को तीन लाख दस हजार रुपये की राशि प्रदान की हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को सहायता राशि के चेक सौंपे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. देवेन्द्र कुमार व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सामाजिक दायित्व को हमेशा जिम्मेदारी से पूरा करता है। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय का प्रयास है कि कोई विद्यार्थी फीस न अदा के कारण अपनी पढ़ाई को न छोड़े। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे खुद को अपनी पढ़ाई पर केंद्रित करें तथा राष्ट्र व समाज के विकास के लिए अपना योगदान दें। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी सहायता पाने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि छात्र कल्याण विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों की जरूरतों को पहचान कर उसे पूरा करना भी है। यह सहायता राशि छात्र कल्याण विभाग से प्रदान की गई है। इस अवसर पर छात्र कल्याण विभाग के रामपाल चौहान, उमेश व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

Read, Watch & Subscribe
दैनिक पाठकपक्ष
डिजिटल व प्रिन्ट

LIKE & SHARE
SUBSCRIBE
Facebook.com/PathakPaksh
Youtube/PathakPaksh
M : 98120-32700, 9255273410, 9896472584, 9991610417

# सर्वेश हेल्थ सिटी के ऑडिटोरियम में महिला सम्मान समारोह का आयोजन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** सर्वेश हेल्थ सिटी, अमेरिकन ऑकोलॉजी इंस्टीट्यूट् व नारी नारायणी फाउंडेशन के सौजन्य से सेक्टर-14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी के ऑडिटोरियम में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिमा गुप्ता व माउंटेनियर अनीता कुंडू रही। डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने कहा कि इस शुभ अवसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक करना स्वस्थ देश के निर्माण में प्रशंसनीय कदम है। अनीता कुंडू ने बताया कि इस तरह के सेमिनार ग्रामीण परिवेश में भी लगाने चाहिए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो। डॉ. ज्योत्सना कामरा, डॉ. सुमित अग्रवाल व डॉ. शुभानि सैनी ने महिलाओं संबंधी विभिन्न समस्याएं जैसे स्तन कैंसर, मेनोपॉज, चर्म रोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थापिका पूनम नागपाल ने इस सुंदर व सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। डॉ सरिता कालरा ने सभी सम्मानित सदस्यों को बधाई प्रेषित की। समारोह के संयोजक सर्वेश हेल्थ सिटी से सीनियर मैनेजर पुनीत वधवा व एचआर डिपाटमेंट हेड पारुल असीजा रहे। इस अवसर 151 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### इन महिला सदस्यों को किया गया सम्मानित

*पूजा मित्तल, सौम्या शर्मा, मीनाक्षी तायल, अंजुला दहिया, डॉ अर्चना शर्मा, ममता चंद्राकर, सुनीता शर्मा, संगम पांडे, बबली, किनसुक, सुलोचना, राजबाला, नीलम कक्कड़, निधि, प्रिया ,रेखा मेहता, दीपा, ज्योत्सना असीजा, दीक्षा मेहता जया, दीप्ति, उर्मिल तरीका, रचना, ओमप्रभा, ब्रज लता, डॉक्टर अस्मिता, प्रीति सुरी, डॉ. भावना, मोनिका ललित, भावना ग्रोवर, वीणा भंडारी, मोनिका, नीता नागपाल गीतू बंगा, एकता चावला, सुनीता, नीलम, मीना, ललिता बंगा, दीक्षा, पूजा यादव, रेखा शर्मा, पायल सोनी, गुरप्रीत, राधा, अर्चना बूरा, कविता, ज्योति, पारुल, मौसमी, डॉक्टर रोली भारद्वाज, लता सोनी, मित्तल, कविता शर्मा, रितु गोयल, ज्योति वर्मा, दिव्या, रजनी, प्रियंका, प्रतिभा, लवी, सीमा सैनी, तनीषा, कनीजा, शीतल सैनी, रोमा, नीलम आदि अनेक महिलाओं को सम्मानित किया गया।*

# विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट ने सहू, लीलस व पातवान में शिविर लगाकर ग्रामीणों की निशुल्क की नेत्र जांच




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट ने अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत गांव सहू, लीलस व पातवान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इन शिविरों में आजाद नगर के विश्वास मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों ने मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच करके उचित परामर्श दिया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इन शिविरों का 390 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। इस दौरान कई बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली। उन बुजुर्गों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाने संबंधी विस्तृत जानकारी भी दी गई। विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सीए प्रणय अग्रवाल ने बताया कि यह ट्रस्ट प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सज्जन सिंह के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक व स्वास्थ्य सरोकारों से जुड़ा हुआ है। विश्वास मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों की सहायता से समय-समय पर चिकित्सा जांच शिविर लगाकर स्वास्थ्य की अलख जगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि विश्वास अस्पताल में नेत्र ऑपरेशन, सामान्य रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, स्किन रोग व मनोरोग सहित विभिन्न रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था है।

# युवाओं ने भरी हुंकार अबकी बार 400 पार : हर्ष बामल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर्ष बामल की अध्यक्षता में भाजपा युवा कार्यकर्ता अभी तक पूरे हिसार जिले में नव मतदाता युवा चौपाल के कार्यक्रम के लिए 200 से ज्यादा चौपालें कर चुके हैं। हिसार जिले में 500 युवा चौपाल करने का भाजयुमो का लक्ष्य है। जो युवा पहली बार मतदान करेंगे, उन तक मोदी जी एवं पार्टी की नीतियों को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं में भाजपा के प्रति भारी उत्साह है और आगामी लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की अहम भूमिका रहेगी। हर्ष बामल ने कहा कि आज देश का हर युवा नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था जता रहा है, क्योंकि भाजपा ही देश में एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश को बुलंदियों तक ले जाने में कोर कसर नहीं छोड़ रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व की बदौलत देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। अब लड़ाई अन्य पार्टियों के साथ चुनाव जीतने की नहीं रही, बल्कि 400 पार की हो गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश, राज्य या पार्टी का भविष्य युवा तय करते हैं और आज भाजपा का युवा कार्यकर्त्ता हो या देश का युवा वर्ग सब नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की ठान चुका है, क्योंकि मोदी जी ने देश को विश्वगुरू और विकसित राष्ट्र बनाने का अपना एजेंडा लोगों के सामने रख दिया है, जबकि कांग्रेस या अन्य पार्टी के पास न तो कोई एजेंडा है और न ही कोई मुद्दा जिसे वे युवाओं के सामने रख सकें।

# दांत सेहतमंद तो बनी रहेगी खूबसूरत मुस्कुराहट

## राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस पर विशेष



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

भारत में हर साल 6 मार्च को राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने, जनता को मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन डॉक्टरों को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है जो आपके दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। हर साल मार्च में, दंत चिकित्सकों को प्रशंसा और कृतज्ञता दिखाने के तरीके के रूप में दंत चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। लोगों को अपने दांतों की देखभाल के बारे में शिक्षित करना भी दंत चिकित्सा के प्रति जागरूकता लाने का एक तरीका है। साथ ही यह उन लोगों को दंत चिकित्सक के पास जाने के लिए प्रोत्साहित करता है जो पहले ऐसा करने से बचने थे।


**ऐसे करें दांतों की देखभाल**

हल्के हाथों से दिन में दो बार दांतों के ऊपर और नीचे के हिस्से की सफाई करें। चाय-कॉफी, सिगरेट, तंबाकू उत्पाद दांतों को बहुत नुक्सान पहुंचाते है। इनके सेवन से बचें, सदैव गुनगुना पानी के साथ कुरला करें। दांतों की सड़न, मसूढ़ों की संवेदनशीलता की और मुंह की बदबू रोकने के लिए दंत चिकितसक की सलाह पर माउथवाश का प्रयोग कर सकते है। दांतों से टेप या धागाा नहीं काटना चाहिए। ट्रैवल करते समय ओरल हेल्थ किट ले जाना न भूले। टूथब्रश को एक दूसरे से साझा नही करना है। मिठाई और आइसक्रीम का सेवन कम से कम करना चाहिए। विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करें। आप अपनी डाइट में दूध, दही और पनीर को जरूर शामिल करें। इनमें कैल्शियम और विटामिन सी पाया जाता है। इनके सेवन से हड्डिया मजबूत होती है। पानी अधिक पीयें। पानी प्राकृतिक रूप से दांतों को साफ करता है। साथ ही यह लार में सुधाार करता है। 6 महीने में एक बार डेंटिस्ट के पास जरूर जाएं और दांतों की जांच कराएं। बच्चों को होने वाली किसी भी दांतों संबंधित परेशानी को नजरअंदाज ना करे। कोई भी छोटी परेशानी बाद में जाकर बड़ी परेशानी का रूप धारण कर सकती है और बच्चों के दांत आने पर डेंटिस्ट की सलाह से उन्हें ब्रश करन की आदत डालनी चाहिए।

दंत चिकित्सा एक कला है और न सभी दंत चिकित्सक कलाकार है। उन सभी कलाकारों की डॉ सचिन मित्तल और उनकी टीम की तरफ से दंत चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं जो जीवन भर खूबसूरत मुस्कान बिखेरते हैं।

**तनाव से बुरा प्रभाव**

तनाव का भी दांतों की सेहत पर बुरा प्रभाव होता है। दंत चिकित्सकों का मानना है कि तनाव के चलते कई लोग मदिरा, पान और धूम्रदान शुरू कर देते हैं जिसका सीधा असर भविष्य में दांतों पर पड़ता है। डॉक्टर्स बताते हैं कि फास्ट एवं रिफांइड फूड का उपयोग बढ़ जाने दूध के दांत भी समय से पहले गिर जाते है। दातों की इन समस्या को नजरअंदाज करने पर कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। इसके लिए समय-समय पर दांतों की जांच करवानी चाहिए।



**-डॉ. सचिन मित्तल**
**एम.डी.एस. एवं इम्लान्टोलोजिस्ट**
**संचालक : डॉ. सचिन मित्तल एडवांस्ड डेन्टिस्ट्री**
**माडल टाउन एंड रेड स्कवेयर मार्केट हिसार।**
**मो. : 98124-68881**

# सुभाष चंद्रा फाउंडेशन द्वारा हिसार के बुरे बाड्डे गांव में महिला खेल उत्सव का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ सुभाष चंद्रा के मार्गदर्शन में चल रही सुभाष चंद्रा फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम बुरे बाड्डे में महिला खेल उत्सव का आयोजन किया गया। सुभाष चंद्रा फाउंडेशन के स्पोर्ट्स इंचार्ज सूबे सिंह बेनीवाल व गांव के सरपंच रणबीर सिंह एडवोकेट बतौर मुख्य अथिति उपस्थित रहे। उन्होंने फाउंडेशन की सहराना करते हुए बताया कि फाउंडेशन के साथ मिलकर महिलाएं अपने सपने पूरे कर सकती हैं। सरपंच रणवीर सिंह ने महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया एवं बच्चों को ज्यादा से ज्यादा खेल गतिविधियों से जुड़कर फाउंडेशन तथा गांव का नाम आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट किया गया।

परियोजना समन्वयक दिनेश सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला खेल उत्सव में बुरे बाड्डे तथा आसपास के गांव की 350 के करीब महिलाओं ने सहभागिता कि तथा निम्न लिखित गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन किया।

महिलाओं की म्यूजिकल चेयर रेस में मेसर प्रथम, मंजू द्वितीय एवं कैलाशो देवी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों की म्यूजिकल चेयर रेस में पूजा प्रथम, अन्नू द्वितीय एवं निशा देवी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मटका दौड़ में ज्योति प्रथम, सरला द्वितीय एवं कविता तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नींबू दौड़ में सरला प्रथम, अंजू द्वितीय एवं पूनम तृतीय स्थान प्राप्त किया।

साथ ही महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी। 80 से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर सीमा शर्मा, सीमा काजला, अंजली एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वीरांगना ग्रुप ने मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बताए उल्लासमय जीवन जीने के उपाय



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** बुजुर्गों की सेवा व संभाल में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम में वीरांगना ग्रुप द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीरांगना ग्रुप की सदस्यों ने गीत-संगीत व योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय बताए और मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को इन क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया। वीरांगना ग्रुप 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का समूह है। यह समूह स्वस्थ व उल्लासमय जीवन जीने के उपायों को साझा करते हुए योग क्रियाएं करवाने में सिद्धहस्त है। मोक्ष वृद्धाश्रम में भी इस ग्रुप की सदस्यों ने बुजुर्गों को गीत-संगीत की सुर व ताल पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान बुजुर्ग काफी प्रसन्नचित दिखाई दिए। ग्रुप की सदस्यों ने बुजुर्गों को सरल योग क्रियाओं से भी अवगत करवाया। इस कार्यक्रम में मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर ने भी हिस्सा लेकर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम पूरी तरह बुजुर्गों की सेवा के प्रति समर्पित है। यहां इनके भोजन, आवास व चिकित्सा का संपूर्ण ध्यान रखा जाता है।

**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

**Mahatma Gandhi Institute of Medical Sciences**

**We are Hiring**
**Medical Staff**

- **GNM Staff** Minimum 1 Year Experience
- **B.Sc. Staff** Minimum 1 Year Experience
- **ICU Staff** Well experienced & qualified

**Salary no bar for deserving candidates**

**Interview**
**Friday & Saturday**
**Timing: 5 pm to 6 pm**

Call Now : 93062 11312, 9992487111
e-mail : mghhisar2017@gmail.com
**ITI, Chowk, Behind Hari Palace, Hisar**

**Name Change**

I, Jagjit Singh S/o Shri Sant Ram R/o H. No. 440A, Chopra Nursing Home, Delhi Road, Near Camp Chowk, Het Ram Park Colony, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from JAGJIT SINGH to JAGJIT CHOPRA for all future purpose.

- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, विजेन्द्र कुमार पुत्र श्री तारा चन्द निवासी मकान नं. 1430, सैक्टर-13, हिसार अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र विवरण मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने पुत्र विवरण को अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इससे किसी प्रकार का लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार की किसी प्रकार की जिम्मेवारी नहीं होगी। **शपथकार**

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
**चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ**
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573




**Name Change**

I, Bharat Bhushan S/o Gopi Ram Goyal R/o H. No. 77-N, Model Town, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Bharat Bhushan to BHARAT BHUSHAN GOYAL for all future purpose.

- Deponent






# पिछड़ा वर्ग के हित भाजपा में सुरक्षित : रतन सैनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** भाजपा ओबीसी मोर्चा, सिरसा द्वारा ऐलनाबाद विधानसभ के गांव शेरा में समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सिरसा जिला प्रभारी रतन सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने की। सम्मेलन का आयोजन मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरपंच नत्थूराम वर्मा ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रतन सैनी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के हित भाजपा में ही सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग का जितना मान-सम्मान भाजपा ने किया है, उतना किसी ने नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर यह साबित कर दिया है। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सिरसा जिला प्रभारी रतन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बिना पर्ची व खर्ची के योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी देकर और किसानों के कर्ज का ब्याज माफ करने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इसके अलावा महिलाओं, युवाओं व गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू करने का काम किया है, जिसकी वजह से भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। इसके अलावा पूरे देश में 400 से अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार सरकार बनाएगी। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता व सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रोरल बॉन्ड से मिले पैसे की आम लोगों को तत्काल जानकारी मिलनी : कृष्ण सातरोड़

## युवा कांग्रेस ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** इलेक्ट्रोरल बॉन्ड से मिले पैसे की आम लोगों को तत्काल जानकारी मिलनी चाहिए। इस मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने कृष्ण सातरोड़ के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में युवा कांग्रेस ने कहा कि स्टेट बैंक ने जानकारी देने के लिए अतिरिक्त समय की मांग सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई समय सीमा की समाप्ति के एक ही दिन पहले क्यों की? देश के सबसे बड़े बैंक, जो कि पूर्णतया कम्प्युटरीकृत है, उसे केवल 22217 इलेक्ट्रोरल बॉण्ड की जानकारी देने के लिए अतिरिक्त 5 महीने का समय क्यूं चाहिए, जनता के पैसे और जनता के लिए चलने वाला बैंक एक राजनैतिक दल के इशारों पर काम करते हुए आम जनता को सही सूचना पाने के अधिकार से वंचित कर रहा है जो सूचना जनता को सही मतदान करने में सहायता करती है। अगर सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला लागू नहीं हो पाया तो देश की जनता सच्चाई नहीं जान पाएगी, जो देश की जनता के साथ धोखा होगा। युवा कांग्रेस ने मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया कि फैसले को लागू करके सच्चाई देश की जनता तक पहुंचाकर हम सबके साथ न्याय करें। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित राड़ा, प्रदेश महासचिव दिनेश पूनिया, हिसार हलका प्रधान मोनू राड़ा, जिला प्रवक्ता नवीन पूनिया, प्रदेश सचिव प्रवीण सहरावत, सोनी सहरावत, युवा नेता सुरेश पंघाल, मनीष, दिनेश कौशिक आदि उपस्थित थे।

# पार्कों में सूखे पेड़ों को काटने के लिए शहीद भगत सिंह समिति ने सौंपा हांसी नप चेयरमैन को ज्ञापन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 6 मार्च :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी की अगुवाई में सभी के पदाधिकारियों द्वारा नगर परिषद हांसी के चेयरमैन प्रवीन इलावादी को शहीद भगत सिंह पार्क, पुरानी सब्जी मण्डी हांसी में सूखे पेड़ों को कटवाने को लेकर ज्ञापन दिया।

प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि शहीद भगत सिंह व शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क में काफी वृक्ष ऐसे है जो सूखे हुए है जो कभी भी गिर सकते है और कोई भी जानी व माली नुकसान हो सकता है। इसलिए इन पेड़ो को तुरन्त प्रभाव से कटवाया जाना जरूरी है। किशोरी नागपाल ने बताया कि नगर परिषद हांसी के चेयरमैन प्रवीण एलावादी ने तुरन्त इस ज्ञापन पर कार्यवाही करते हुए एक पत्र इन सूखे पेड़ो को कटवाने के लिए वन विभाग, हिसार को भेज दिया और आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पार्क के सूखे पेड़ों को वन विभाग के माध्यम से कटवा दिया जायेगा। इस अवसर पर कंवल किशोर शास्त्री, किशोरी नागपाल, डॉ. नन्द किशोर अरोड़ा, कर्ण सिंह राठौड, चन्दन अरोड़ा, अनिल चावला, हमेश खुराना, शंटी एम.सी. वार्ड नं. 7, हांसी आदि भी मौजूद थे।

# जम्मूश्वर महादेव शिव मंदिर, बड़वा में महाशिवरात्रि उत्सव 8 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** हर वर्ष की तरह इस बार भी जम्मूश्वर महादेव शिव मंदिर, गांव बड़वा में 34वां महाशिवरात्रि उत्सव 8 मार्च शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन भक्त सूबेदार मोतीलाल के आशीर्वाद से प्रातः से ही पूजा-अर्चना शुरु हो जाएगी। सवा 9 बजे कीर्तन प्रारंभ होगा जो दोपहर बाद तक जारी रहेगा। दोपहर 12 बजे भंडारा चलाया जाएगा। गांव बड़वा व सिवानी के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भगवान शिव की अराधना करने मंदिर में आएंगे।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

# अपराधी प्रदेश में बेखौफ, लूटपाट, फिरौती, हत्या व चोरी की वारदातें बढ़ी : बजरंग गर्ग

## कहा–बिल्ला दा ढाबा के मालिक व कर्मचारियों पर हमला करने वाले अपराधियों को पुलिस जल्द करे गिरफ्तार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत निजी होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि अपराधी प्रदेश में बेखौफ होकर दिनदहाड़े जगह-जगह अपराध कर रहे हैं। हरियाणा में ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जिस दिन व्यापारी व आम जनता के साथ लूटपाट, फिरौती, हत्या व चोरी की वारदात ना होती हो। प्रदेश में अपराधी खुले आम फायरिंग करके व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं। प्रदेश का व्यापारी व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से भयभीत है। जबकि कल पुलिस महानिदेशक ने भी कहा कि हरियाणा में बढ़ते आपराधों को रोकने के लिए हरियाणा के पुलिस अधिकारियों को ज्यादातर फील्ड में काम करने के आदेश दिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि 2 दिन पहले असामाजिक तत्वों द्वारा रात को बिल्ला दा ढाबा पर लाठी डंडों से ढाबा के मालिक व कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करके ढाबा मालिक को उठाने की कोशिश की और मालिक चोट मार कर ढाबा पर तोड़फोड़ की गई। जब रात को असामाजिक तत्वों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था तो पुलिस को रात को असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए छोड़ दिया गया। जब हमने देर रात पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया गया तो अगले दिन जाकर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें से आज भी मुख्य आरोपी फरार हैं। इन्हीं लोगों ने लगभग 3 महीने पहले भी ढाबा पर आकर हमला किया था। बजरंग गर्ग ने कहा कि अपराधियों ने 2 दिन पहले फिर दोबारा हमला करके किडनैपिंग करने की कोशिश की थी। पुलिस प्रशासन को मुकदमा में किडनैपिंग की धारा ओर लगानी चाहिए, जोकि नहीं लगाई गई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को व्यापारी व आम जनता की सुरक्षा के लिए सिविल वर्दी में पैदल पुलिस गस्त लगाने के साथ-साथ जगह-जगह पीसीआर व मोटरसाइकिल राईडर लगाने चाहिए। सभी बाजार व चौकों पर सरकार को अपने खर्चे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए। जब हर अपराधी सीसीटीवी कैमरे की नजर में होगा तो अपराधियों को डर बना रहेगा की कोई भी घटना करने पर उसकी आपराधिक वारदात तुरंत कमरे में आ जाएगी। बजरंग गर्ग ने यह भी कहा कि भय बिना परित नहीं होती। पुलिस प्रशासन को अपराधियों का पक्का इलाज करने की जरूरत है ताकि कोई भी बदमाश हरियाणा में अपराध करने की हिम्मत ही ना कर सके।

इस अवसर पर पीड़ित व्यापारी दिनेश सैनी, भूपेंद्र सैनी व विजेंद्र कुमार, राजगुरु मार्केट ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान अक्षय मलिक, वरिष्ठ व्यापारी नेता अजय सैनी, संरक्षक सुरेंद्र सोनी, राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र बजाज, व्यापार मंडल युवा शहरी मंगल ढालिया, ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट एसोसिएशन के प्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, लोहा मंडी प्रधान सीताराम सिंगल, एमसीडीसी मार्केट एसोसिएशन के प्रधान राजू तंवर, भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव प्रदीप भानखड़, अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, सजंग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, अनाज मंडी एसोसिएशन जिला प्रधान पवन गर्ग, अग्रवाल संगठन युवा प्रधान अनिल सिंगला मंगाली वाला, महासचिव सत्य प्रकाश आर्य, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, मनोज सिन्दवाती, मंगतराम आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# सनातन धर्म को लेकर डीएमके सांसद ए राजा का बयान निंदनीय : संजीव चौहान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** सनातन धर्म को लेकर डीएमके सांसद ए राजा का बयान अत्यंत निंदनीय है, जिसका विश्व हिंदू परिषद इसका कड़ा विरोध करती है। यह बात आज विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग प्रमुख संजीव चौहान ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि डीएमके सांसद ए. राजा ने भारत अखंडता पर सवाल खड़ा किया है और भगवान राम का उपहास किया है। उन्होंने कहा कि डीएमके सांसद ने ऐसा बयान देकर भारत की पहचान को बदनाम करने और भारतीय आस्था का अपमान किया है जिसे सहन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डीएमके सांसद हिंदू भावनाओं और आस्था का अपमान करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। संजीव चौहान ने कहा कि डीएमके सांसद ने भारत देश और सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणी की है वह इस देश का अपमान है। संजीव चौहान कहा कि कुछ लोग भारत में रहकर भारत आलोचना करते हैं। ऐसे लोग आस्तीन के सांप है जिनका फन कुचलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति है। जो लोग इसका अपमान करते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

# कांग्रेस ही भाजपा के भ्रष्टाचार व जनविरोधी नीतियों का मुकाबला करने में सक्षम : राठी

## मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को तरक्की के रास्ते पर ले जाएगी कुमारी सैलजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 6 मार्च :** कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी व भ्रष्टाचार वाली नीतियों का कांग्रेस ही मुकाबला करके जनता को सुशासन दे सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा के नेतृत्व में वे कांग्रेस में शामिल हुए हैं और पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। मनोज राठी ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। चाहे केन्द्र की भाजपा सरकार हो या हरियाणा की भाजपा सरकार, दोनों सरकारों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, रोजगार समाप्त कर दिया, किसान विरोधी व जनविरोधी नीतियां अपनाई और जनता को अपने रहमो–करम पर छोड़ दिया। मनोज राठी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर वे पार्टी में शामिल हुए हैं और अब कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस संदेश यात्रा से पार्टी को मजबूती मिली है और अब बच्चा-बच्चा चाहता है कि कुमारी सैलजा मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को तरक्की के रास्ते पर लेकर जाएं। उन्होंने पार्टी में शामिल करने व मान-सम्मान देने पर कुमारी सैलजा का आभार जताया है।

# मैराथन में रविंदर हुड्डा रहे प्रथम, उपायुक्त निशांत यादव ने किया सम्मानित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** मैराथन दौड़ की मास्टर कटेगरी में प्रथम पॉजिशन पर रहे अर्बन स्टेट हिसार के रहने वाले रविंदर हुड्डा को गुरुग्राम उपायुक्त निशांत यादव ने सम्मानित किया। मैराथन का आयोजन पिछले महीने गुरुग्राम में किया गया था। रविंदर हुड्डा ने मास्टर कटेगरी की 42.195 किलोमीटर की मैराथन दौड़ 3 घंटे 46 मिनट में पूरी करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को गुरुग्राम में उपायुक्त निशांत यादव ने रविंदर हुड्डा को 50 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था




# ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित भजन-सत्संग में झूमे श्रद्धालु



**–पाठकपक्ष न्यूज-** हिसार दिल्ली बायपास रोड पर स्थित उपराम आनंद धाम में ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित भजन-सत्संग के कार्यक्रम में उपस्थित संत रामानंद महाराज व अन्य संत मंडली। भजन गाते भजन गायक डॉ. मोहन तनेजा, उपस्थित श्रद्धालु।

